सीहोर के मधु बाई स्कूल में दो दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को लगातार दूसरा में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान 300 से अधिक छात्राओं ने स्कूल से स्टूडियो बैंड की धुन पर गरबा नृत्य किया।

कार्यक्रम से पहले छात्राओं को विशेषज्ञ ज्योति विश्वकर्मा ने 10 दिनों तक गरबा का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने छात्राओं को तीन प्रमुख स्टेप सिखाई। इस स्टेप में कुल 88 प्रशिक्षक शामिल थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. अभिमन्यु शर्मा और प्राचार्य अनिता बघेलखण्ड मौजूद रहीं। डॉ. शर्मा ने कहा कि छात्र जीवन में पढ़ाई के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां भी जरूरी हैं। इससे व्यक्तित्व का समग्र विकास होता है।

प्राचार्य अनिता बघेलखण्ड ने कहा कि कलिकाएं दो रातों को समाप्त हैं। यहां सीधी कक्षा अनिल और भविष्य के रूप में भी उपयोगी होगी। गरबा महोत्सव का समापन शुक्रवार को होगा।

स्वास्थ्य केंद्रों में की गई 658 गर्भवती महिलाओं की जांच

डीआर संवाददाता-- सीहोर

स्वास्थ्यकर्मी सुलोचना नागुरुण अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 09 एवं 26 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर रोगमाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ दिया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उन्हीं सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 26 सितंबर को जिले की सभी स्वास्थ्य सेवाओं पर 658 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 234 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गई।

सफल नेत्र शिविर का आयोजन

डीआर संवाददाता-- आष्टा

गोविंद गेस्टहाउस एवं गोविंद कॉलोनियों सीहोर, सीहोर की ओर से गणेश मंदिर प्रांगण, सीहोर में निशुल्क नेत्र परामर्श शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर का आयोजन ज्योति सामुदायिक एवं कल्याण संस्थाओं और सायरा फोलोजी हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण व नगर के लोगों ने लाभ लिया और अपनी आँखों की जांच कराई। इस दौरान शहर के वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनोद मंगानी तथा उनकी टीम ने मरीजों की आँखों की जांच की और चश्मा बांटे गये, दवाइयाँ एवं चश्मे उपलब्ध कराए।

शिविर में कॉलिफ्लॉवर, रेटिना, कॉटारोगों, ओपरी ने जांच सहित डिजिटल नेत्र रोगों की जांच भी गई। साथ ही मधुमेह रोगों व डायबिटीज की भी निशुल्क जांच की गई। लोगों ने इस शिविर में लिए सही सेवाओं की सराहना की।

सीहोर की पहचान बन चुकी है चुनरी यात्रा, 13 सालों से निकाली जा रही

डीआर संवाददाता-- सीहोर

नवरात्रि के पावन पर्व पर हिंदू जागरण मंच समिति के सहयोग से इस साल निकालने वाली ऐतिहासिक चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर समिति शहर के विभिन्न वार्डों में सहयात्रा सदस्यों से मां चुनरी यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

इस मौके पर समिति के संरक्षक और नगर पालिका अध्यक्ष विनय राठौर ने कार्यकर्ता हम किसी कार्यालय नवरात्रि का पर्व मान रहा है और सभी सदस्यों पर देवी मां की आस्था और उत्साह के साथ चुनरी यात्रा संपन्न की जा रही है। उन्होंने सेवादारियों से मां चुनरी यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। चुनरी यात्रा 27 सितंबर को अनेकों वाली माता मंदिर गढ़ से शुरू होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई हनुमान मंदिर हनुमान चौराहा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण के बाद समाप्त होगी। पिछले 13 सालों से हिंदू जागरण मंच समिति के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन अवसर पर निकाली जाने वाली माता चुनरी यात्रा सीहोर शहर की पहचान बन गई है। यह ऐतिहासिक यात्रा है जिसमें माता की चुनरी का सपना करने के लिए हर श्रद्धालुओं की आस्था रहती है माता मंदिर गढ़ से शुरू होकर और जिस मार्ग से यह यात्रा निकलती जाती है वहां पर श्रीवाली, सामाजिक संगठन श्रद्धालुओं का आस्था और उत्साह के साथ स्वागत करते हैं। यह किसी समिति और संस्था विशेष के चुनरी यात्रा नहीं यह तो भक्ति का सैलाब है। नगरपाल श्री राठौर ने बताया कि देश में कई समितियां है और यह मार्ग का निश्चय है कि ऐसे ही समितियों ने माता कलेश्वरी का आशीर्वाद इन सभी सेवादारियों को मिल रहा है।

प्रोत्साहन स्थानीय उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करने के लिए सीहोर में स्थानीय उत्पाद मेला

स्थानीय उत्पादों की बिक्री को दिया जाए अधिक से अधिक प्रोत्साहन - कलेक्टर

डीआर संवाददाता-- सीहोर

कलेक्टर श्री कालूराम के. ने सेवा पखवाड़ा के तहत सीहोर के पीएम श्रीराम भवन में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित मेले में स्व सहायता समूह की दीदियों एवं सामाजिक पोजनाओं के लाभार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने दीदियों से उनके उत्पादों की बिक्री की और खरीद-बिक्री के बारे में जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्व सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाए और उनके प्रचार-प्रसार के लिए उनकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्थानीय उत्पादों की पहचान को नई देने के साथ ही समूहों की आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करते हैं।

उल्लेखनीय है कि सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर स्व सहायता समूह उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सीहोर जिला गौरव सभागार भवन में तीन दिवसीय स्थानीय उत्पाद मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला 26 से 27 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। मेले में जिलाधीश छोटमपुरी एवं अभिनिष्ठ दिलावरी एवं स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्थानीय उत्पादित सामग्री एवं खाद्य उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री अनुराग वर्मा, एसडीएम,एसएम के डीपीएम श्री दिनेश बर्मन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

डीआर संवाददाता-- आष्टा

कलेक्टर श्री कालूराम के. के निर्देशानुसार जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में स्वास्थ्य सेवाओं का स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर महिलाओं, किशोरियों, बच्चों एवं अन्य सभी नागरिकों स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में 26 सितम्बर को अभियान के तहत जिलेभर में आयोजित शिविरों में 15,687 महिलाओं, किशोरियों एवं पुरुषों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई। अभियान के तहत आष्टा विधिक अस्पताल में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों एवं विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं, किशोरियों और बच्चों की जांच की

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेज | आश्विन शुक्ल पक्ष-05,2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार,दिनांक 26 सितंबर 2025

न्यूज गैलरी

प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज कुरवाई पहुंचेंगे

विदिशा। पशुपालन एवं डेयरी विकास प्रभार राज्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज शुक्रवार को कुरवाई में मुख्यमंत्री के कार्यालय प्रायोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। सुबह 9 बजे एनएच से कुरवाई के लिए रवाना होंगे। दोपहर 12:30 बजे कुरवाई पहुंचकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। निरीक्षण के बाद अधिकारियों की बैठक लेंगे। प्रभारी मंत्री दोपहर 2 बजे कुरवाई से भोपाल के लिए रवाना होंगे।

आईटीआई: सीधे प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर

विदिशा। शासकीय आईटीआई विदिशा में पहले आओ पहले पाओ प्रक्रिया के तहत सीधे प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर कर दी गई है। प्रवेश के लिए केवल चार दिन शेष हैं। आईटीआई ने सत्रांतर में फिटर ट्रेड में 1 सीट (आईएमसी), टर्नर में 2 सीटें और वायरमेन में 10 सीटें दी गयी हैं। अभिभावक पूरा करने में बाय रेलवे, सेना, बीएसएफ, एनटीपीसी, बीएसएनएल जैसी सरकारी निकायों एवं टाटा, सुजुकी, होंडा, बीएमडब्ल्यू, महेन्द्रा जैसी निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

रोजगार और स्व रोजगार मेला आज कुरवाई में

विदिशा। शुक्रवार 26 सितंबर को प्रातः 11 बजे से कुरवाई जनपद पंचायत परिसर में जिला स्तरीय रोजगार, स्व रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कम्पनियों के स्टॉल लगाए जाएंगे और युवक-युवतियों को साक्षात्कार उपरांत योग्यतानुसार चयनित कर ऑफर लेटर दिए जाएंगे। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं उद्योग केंद्र अशोक बीकानेरवाल ने बताया कि मेले में मुख्यमंत्री उदय योजना, मोदी योजना, लखपति दिदिया योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

बालिका से दुष्कर्म, चालक को 20 साल की कैद

विदिशा। विशेष न्यायालय (पोक्सो एक्ट) विदिशा ने एक नाबालिग बालिका के दुष्कर्म करने वाले पैर चालक को 20-20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अप्रैल 2018 में आरोपी पर कुल 30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। यह फैसला न्यायाधीश सुरेन्द्र सिंह तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश(पोक्सो एक्ट) ने सुनाया। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन थाना अभिरक्षा जयसिंह पोरवाल ने की और न्यायालय सहायक निरीक्षक अभिरक्षा देवेन्द्र सोनल ने प्रकरण किया। मामला 7 जनवरी 2020 को सामने आया था, जब पीड़िता की मां ने थाना गुलाबगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई। बच्ची ने घर लौटने पर रोते हुए बताया कि पैर चालक ने उसे अपने बैठाकर गलत काम किया। पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। न्यायालय ने इसे जघन्य और सनसनीखेज अपराध मानते हुए कठोर सजा दी।

जिला पंचायत कार्यालय में किया श्रमदान

विदिशा। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय परिसर में एक घंटे का श्रमदान किया गया। इस दौरान अध्यक्ष गीता रघुवंशी, जिला पंचायत सीईओ अंशुल गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सहित विभागीय अधिकारी शामिल थे।

सुरक्षा के इंतजाम : चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें

कड़ी सुरक्षा: पुलिस ने डॉग एस्कॉर्ट व मेटल डिटेक्टर से किया निरीक्षण

नवरात्रि को लेकर पुलिस सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। शहर में चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। वहीं शहर में लगातार हो रही चोरियों पर लगाम लगाने के लिए भी पुलिस टीमें एक्टिव हो गई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नवरात्रि और दशहरा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। चप्पे चप्पे पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही है। वहीं शहर में पिछले दिनों में हुई चोरियों के बाद गुलाबगिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। संदिग्ध स्थानों पर भी पुलिस लगातार कर रही है।

मुख्यालय को विदिशा पुलिस के डॉग एस्कॉर्ट सहित मेटल डिटेक्टर से निरीक्षण किया गया। वहीं नवरात्रि के बाद त्यौहारों को लेकर भी पुलिस तैयारियां बना रही है।

त्योहारों में शांति व सुरक्षा हेतु कोतवाली पुलिस की द्वारा मार्च सेकिंग की जा रही है।

एसपी जीतेंद्र सिलावटी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ जसवंत सिंह तथा नगर पुलिस अधीक्षक लाखुल सिंह के मार्गदर्शन एवं प्रभारी थाना

कोतवाली निरीक्षक आनंद पाल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम ने गुरुवार को को नवरात्रि, दशहरा एवं आगामी त्यौहारों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर सघन निरीक्षण किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन,बायपास,सिंधन चौक, बड़ा बाजार, जय स्तंभ एवं बस स्टैंड क्षेत्र में डॉग एस्कॉर्ट व मेटल डिटेक्टर टीम द्वारा गहन सेकिंग की गई। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले स्थानों पर किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या आपत्तिजनक सामग्री दिखने पर तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 पर सूचना दें। जिससे तत्काल कार्रवाई की जा सके।

विदिशा। भीड़भाड़ वाले इलाकों और संदिग्ध स्थानों पर भी पुलिस की टीमें कर रही निरीक्षण और डोर पहरा

डीएपी-यूरिया और बीज की कमी पर

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

विदिशा। किसानों की गहरी परेशानियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी और किसान कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि जिले में किसानों को खाद-बीज समय पर और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हो रहा है। डीएपी, यूरिया और बीज की कमी से किसान भटक रहे हैं, वहीं खुले बाजार में व्यापारी मनमाने दाम वसूल रहे हैं।

किसान कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खुमरी ने बताया कि सहकारी समितियों और विक्रय केंद्रों पर किसानों को बार-बार परेशान किया जा रहा है। वहीं, किसान कांग्रेस अध्यक्ष विनीत सिंह बागी ने कहा कि सहकारी केंद्रों पर किसानों को सब्सिडी मूल्य का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वर्षों विलंबन में संगठित अनियमितताएं हैं और दलालों की मिलीभगत से किसानों को सीधे नुकसान हो रहा है।

पूर्व जनपद अध्यक्ष रणवीर सिंह ठाकुर ने मेलानी दी कि यदि प्रशासन ने स्थिति में तत्काल सुधार नहीं किया तो कांग्रेस किसान हित में आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में खाद-बीज वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए ताकि किसानों को उसका लाभ मिल सके।

कांग्रेस नेताओं ने विदिशा संसदीय क्षेत्र में खाद-बीज किसान के कार्यालयों में भी भ्रष्टाचार और अनियमितता का आरोप लगाया। उनका कहना है कि विभागीयों के नाम पर गड़बड़ी की जा रही है, जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान रणवीर सिंह ठाकुर, रमेश तिवारी, आशीष गोस्वामी, अनिल दायमाया, रवि साहू, कालूकुमार पाली, जवाहर कुशवाहा, कृष्णा जमरार, अमोल दुबे, बाबू पाल, नीतू यादव और अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

एएसपी कार्यालय पहुंचीं बेटी और 12 साल का बेटा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा।

नगर की एक महिला और उसके छोटे भाई ने गुरुवार को अपनी पिता की याद एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे के पास न्यूजपेपर नवरात्रि और परिवारिक प्रताड़ना और संपत्ति विवाद की शिकायत दर्ज कराई। बच्ची का आरोप है कि उसकी मां का संबंध कुछ संदिग्ध लोगों से है, जिनके दबाव में घर में कलह बढ़ गई है। आरोप यह भी है कि पिता पर दबाव डाला गया था और उन्हें घर से निकालने की कोशिश की गई। किसानों ने बेटी की 12वीं की अंतिम है, ने बताया कि उसके पिता रेलवे से एक डी कर्मचारी हैं और पूरे परिवार का भरण-पोषण करते हैं। लेकिन पारिवारिक विवाद के चलते उनकी मां का व्यवहार अचानक बदल गया। आरोप है कि मां अज्ञात संदिग्ध लोगों के संपर्क में रहती हैं, घर में बच्चों को नौकर की तरह देकर बाहर नहीं जाने दिया जाता है और कई बार पिता पर जोड़ी और ईंटों से हमला भी किया। बेटी का कहना है कि पिता पर मानसिक दबाव बनाकर उन्हें घर से बेदखल करने की कोशिश की गई। **पिता और बच्चों ने जा पर नगर अरोप**

बच्ची का कहना है कि मां, संदिग्ध लोगों के साथ मिलकर पिता के खिलाफ षड्यंत्र कर रही है। एक नाबालिग और एक वयस्क व्यक्ति इस पूरे मामले में शामिल बताए गए हैं। आरोप है कि पिता की शादी के वीडियो का उन्हीं मुकदमा बनाने की कोशिश की गई। एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे ने का

'सूने मकान से नगदी सहित सोने चांदी के जेवरात चोरी

विदिशा। जिले के अलग-अलग गांव में मोहल्ला चोरी ने दो घरों में सोने की सामान को बनाकर दिया। बीरा मोहल्ला बासनी जनता मुकाबला अपने घरों और दुकानों के साथ लगभग 10 से। घरों में पहले तीन बंद पाई जो का था तथा तीन। वहां मुख्य नहीं मिलने का मकान में घर में मुख्य गए मोती में 300 ग्राम चांदी की बनावटें, दो सोने की अंगूठी और बच्चों का सोने का मुख्य चांदी विभिन्न (करीब 200 ग्राम वजनी), 60-70 ग्राम चांदी की चप्पल, एक हजार की एक और करीब एक हजार 60,000 रुपये नगद ले गये हैं।

पुलिस पर हमला कर भागा आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ गंजबासौदा

बाबई -3 नई बस्ती में पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले ज्योति रैकवार को पुलिस ने उसकी ससुराल के घर से गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर एसपी जीतेंद्र सिलावटी ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था।

घटना 24 सितंबर की रात लगभग 8:45 बजे हुई थी। जानकारी 112 पर कॉल कर विजय रैकवार ने बताया कि उसका बड़ा भाई संदीप घर में नशे की हालत में उपद्रव कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जयसिंह पोरवाल मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही संदीप ताश में तलवार लेकर बाहर निकला। उसने प्रधान आरक्षक नीरज सिंह के सिर और कंधे पर वार किया। नीरज सिंह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। उनके अलावा कमलेश भी विदिशा से घायल रेफर किया। हमले में पत्नी एक डोज खतरे हो गई। संदीप ने अपने-अपने पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी दी थी।

पुलिस ने उस पर सरकारी कार्य में बाधा बाधा डालने और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। संदीप कुर्मी गंजी ने की थी कमलेश पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसे मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा। घटना वाले दिन शाम 5 बजे गंजी से लौटा था। शराब पीने की आदत के कारण मोहल्ले वाले निवासी थी। परिवारों ने टीका की उसने गुस्से में आकर यह वारदात की। एसडीओपी विवेक नारायण ने बताया कि मामले की जांच

सागर रोड पर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

परिवहन आयुक्त, मध्यप्रदेश द्वारा अवैध वाहनों तथा रफ्तार वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के जारी किए गए निर्देश के पालन में आज दिनांक को जिला परिवहन अधिकारी श्री मिथिलेश वर्मा द्वारा सागर रोड विदिशा में वाहनों की चेकिंग कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के दौरान 08 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने से वाहन उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाकर उनमें से 07 वाहनों से समन शुल्क 67500 रुपये वसूल किया गया। शेष 02 वाहन संचालक निरक्षरता की प्रायश्चित्त न पाए कर जिला परिवहन कार्यालय परिसर में सुपुर्दगी रखा गया। जिसमें एक टॉलमार्ट में मोपेड बिना परमिट के संचालित दी गई थी तथा एक स्कूल बस है।

जाने कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से भारी वाहनों, मालवाही वाहनों, स्कूल बसों की जांच की गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर और रक्तदान शिविर का आयोजन

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

स्वस्थ्य भारत यात्रा परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पीपलखेड़ा ने विशाल स्वास्थ्य शिविर और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मध्यप्रदेश शिक्षक की सुनियोजन टीम के द्वारा किया गया। शिविर में बच्चों के जागरूक विभिन्न प्रकार से लाई गई गतिविधियों और तथा बालिकाओं और गुरुओं की विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा की गई और शिविरार्थियों को निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। सामाजिक सुविधा मानुष, अभियान के तहत कर्मचारी गतिविधियों की स्वास्थ्य जांच की गई। स्वास्थ्य केंद्र अभियान के तहत अनेक कर्मियों को चिकित्सक की टीम ने साथ-साथ पौधरोपण सम्पादित किया। साथ ही यह कार्यालय रक्तदान शिविर में आम नागरिकों अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सहयोग किया गया। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि तथा विभागाध्यक्ष के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जनपद सीईओ नगर तहसीलदार जिले तथा विभागाध्यक्ष के चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी तथा आमजनों उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार सह चिकित्सा अधिकारी द्वारा व्यक्त किया गया।

बैठक एडिशनल एसपी की अध्यक्षता में सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत हुई

सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत में परिचय पत्र वितरण से बढ़ा आत्मविश्वास

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

बैठक में शहर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत सीनियर सिटीजन, अध्यक्ष, सुखमेश, प्रवीण जायसवाल, दिनेश वाजपेयी, अनवर टेलर एवं विनोद सहा मौजूद रहे। नए बने सदस्यों को निशुल्क परिचय पत्र प्रदान किए गए। यह परिचय पत्र न केवल पहचान का माध्यम है, बल्कि विभिन्न संस्थानों से एम्बुलेंस के आधार पर विशेष डिस्काउंट और सेवाओं का लाभ भी दिलाता है। सदस्य बनने के लिए केवल निशुल्क फॉर्म, फोटो और आधार प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि आवश्यक है। पुलिस पंचायत ने सभी नए सदस्यों को इस सुख-दुख के साथ देने का आश्वासन भी दिया।

बैठक के दौरान सामने आई यह शिकायतें

बैठक में एक वरिष्ठ नागरिक ने पड़ोस में अपनी छत पर हो रहे तेज शोर की शिकायत की। पुलिस ने मौके पर जुर्माना लगाने की कुटुम्बों को समझाने करने और समुदायी प्रायश्चित का आश्वासन दिया।

संपत्ति का विवाद

एक सेवानिवृत्त कुटुम्बों ने संपत्ति बंटवारे में बड़ा और छोटे पत्र सायबल करने की शिकायत दर्ज कराई। पंचायत ने इसे आपसी की बेटी बातों से दूर दोनों पक्षों को कानूनी सुनवाई में पक्ष किया।

पारिवारिक उत्पीड़न

60 वर्षीय कुटुम्बों ने शिकायत की कि पोते ने घर का सामान और वरिष्ठ सिलेंडर बेच दिया है। पंचायत की कार्यवाही सात दिनों में उपनिरीक्षक स्तर के अधिकारी को जांच का आश्वासन मिला। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य मामलों को आगामी तिथि के लिए सुनवाई में रखा गया। पुलिस पंचायत के माध्यम से कई ऐसे मामले सामने आ रहे हैं जिन्हें सुलझाने सुद्ध पुलिस अधिकारी भी चाहते हैं कि पारिवारिक परिवेशों में ऐसा भी हो सकता है। ऐसे कई मामलों को पुलिस द्वारा हल भी किया गया है।

नवरात्रि, दशहरा और आने वाले त्योहारों को लेकर विदिशा पुलिस ने

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

नवरात्रि, दशहरा और आने वाले त्योहारों को लेकर विदिशा पुलिस ने सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए हैं। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक जीतेंद्र जायसवाल ने बुलेट बाइक पर सवार होकर शहर भ्रमण मार्ग का नेतृत्व किया। मार्च कोतवाली और सिविल लाइन से शुरू होकर तिलक चौक, बड़ा बाजार, जयस्तंभ, बस स्टैंड, पुराने नगर और सरोजिनी क्लब होते हुए कोतवाली पर समाप्त हुआ। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

एसपी कार्यालय और टीम ने इलाके भ्रमण मार्ग किया और सख्त सुरक्षा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। त्योहारों के दौरान संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रहेगी। पुलिस ने अपील की कि नागरिक किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना 112 या पुलिस कंट्रोल रूम पर दें।

गौ हमारी माता है और उसकी रक्षा करना हमारा धर्म है

रायसेन। न्यायालय राज्य सरकार द्वारा गोवंश की जनहुआ करने की अधिसूचना जारी होने पर जिला हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल रायसेन ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संगठन ने यह कदम गौवंश-गौरक्षा परिषद को कोसकर देने वाला है और हिन्दू समाज की आस्थाओं को गहरी ठेस पहुंचाता है। आज रायसेन कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें अधिसूचना को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई। इसी क्रम में रायसेन से करीब 18 किलोमीटर दूर नाथू धाम गांव में केसरिया दुग्ध / गोदाम को विभिन्न द्वारा किए जाने का समाचार सामने आया है। इस गोदाम से गुड़ किलो के आसपास मिल गया।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन | आश्विन शुक्ल पक्ष-05,2082 | राजगढ़, दिन शुक्रवार,दिनांक 26 सितंबर 2025

न्यूज गैलरी

पैर फिसलने से छापी बांध में गिरा युवक, डूबने से मौत

जीरापुर। गुरुवार को छापी बांध में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक छापी बांध पर पर्यटन के लिए आए लोगों ने एक शव तैरता देखा। सूचना पर जीरापुर पुलिस मौके पर पहुंची, और गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान भगवान सिंह पुत्र रामकरन मीणा (45) निवासी आकला कॉलोनी के रूप में हुई। मृतक नगरपरिषद में पंप कर्मचारी का काम करता था। बताया जा रहा है कि युवक छापी बांध पहुंचा था, तभी पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया। सूचना लोगों ने पानी के ऊपर शव तैरता देख पुलिस को सूचना दी। इस दौरान बांध पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

बस व ई-रिक्शा की भिड़ंत में दो की मौके पर मौत

सुसनेर। बीती देर रात उज्जैन-आरोन मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग 552 जी पर स्थित सेमलिया चौराहे पर एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा और बस की टक्कर हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि ई-रिक्शा चालक सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। रिक्शा में सवार अन्य चार घायल हुए। इस हादसे ने सुसनेर के सामाजिक कार्यकर्ता गणेश तिवारी, वनपाल गोवलानी और कार्यपालक अभियंता लोकेश राठौर की फुर्ती सुर्खी है। जानकारी के अनुसार, दोनों अलग-अलग वाहनों से आरोन से ई-रिक्शा खरीदकर सुसनेर जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया। उनके बाद पोस्टमॉर्टम कर शवों को परिजनों को सौंपा।

चाचौड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

चाचौड़ा। चाचौड़ा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ कार्यकर्ताओं के बीच मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित होकर सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के एकात्म मानवाद के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया और उनके आदर्शों को समाज तक पहुँचाने का निश्चय किया। कार्यक्रम में चाचौड़ा मण्डल अध्यक्ष अनुभव मीणा, तेजीराम मण्डल अध्यक्ष अंकित शर्मा, नगर परिषद चाचौड़ा अध्यक्ष सुनील नागानी, जगदीश कॉल कालू सर्मा, विधायक प्रतिनिधि कुसुमलता कुशवाह, वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश शर्मा, सौभाग्यमल कासवाल, राजेश खंडेलवाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप नागानी एवं भीकूलाल मीणा सोनी, पार्षद आशीष खंडेलवाल, सुरज जालीवाल, विजेता सोनी, अक्षय मीना, संजू मीना, सुनील मीना, बाबू खटीक सहित अनेक कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

दिवसीय शक्ति पर्व का किया आयोजन

सुसनेर। जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा शासकीय नवरात्रि के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले पारम्परिक गढ़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में गढ़पुर महोत्सव के अवसर पर बीस कुंडा देवी मंदिर पर संस्कृति विभाग द्वारा दो दिवसीय शक्ति पर्व का आयोजन बीस कुंडा देवी मंदिर किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और लोक कला का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रथम दिवस दिनांक 23 सितम्बर 2025 को विधायक सम्पालाल ब्यावा द्वारा

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि बोले- धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक का पर्व है दशहरा

नए दशहरा मैदान का निरीक्षण, रावण दहन की तैयारियों का लिया जायजा

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

आगामी विजयादशमी पर्व पर आयोजित होने वाले भव्य रावण पुतला दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर नगर पालिका की टीम ने आज दशहरा मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की सुरक्षा, व्यवस्था एवं समुचित प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान विशेष बल से इस बात पर जोर दिया गया कि कार्यक्रम में आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो तथा पूरा आयोजन सुरक्षित और अनुशासित तरीके से सम्पन्न हो।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी इकबाल अहमद ने बताया कि सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है और साथ ही इस ऐतिहासिक नगरी में होने वाले रावण को सुरक्षा की 31 से 35 फिट के आसपास की

राख उड़ाएगी।

धर्म और मर्यादा की विजय प्रतीक है दशहरा: नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि

निरीक्षण के बाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नवल सुरनवाल ने कहा कि दशहरा केवल एक त्योहार नहीं बल्कि धर्म और मर्यादा की विजय का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अनुज उमाशंकर ने भी कहा कि रावण दहन का यह आयोजन नगर का गौरव है और इसे हर हाल में सफल बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। इस दौरान पार्षद गण सुमन नेमाने, बाबूलाल राजपूत, मोनाल जाटव, दीनदयाल सुनवाल, निरंजन मालपचार, सुरेश नगर पालिका अधिकारी इमरान अहमद, नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं अनेकों

के उपस्थित भी मौजूद रहे। पालिका के सदस्यों ने बताया कि शनिवार दहन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं नागरिक शामिल होंगे, इसलिए सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन ने नगरवासियों से अपील की है

निरीक्षण के मुख्य बिंदु

- दर्शकों के प्रवेश और निकास हेतु सुव्यवस्थित प्रवेश द्वार और मार्ग बनाए जाएंगे।
- पूरे मैदान में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाएगी, ताकि हर क्षेत्र पूर्णतः रोशन रहे।
- वाहन पार्किंग हेतु अलग से सुरक्षित पार्किंग स्थल चिह्नित किया जाए।
- किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन दल की तैनाती रहे।
- नागरिकों की सुरक्षा हेतु चिकित्सा दल और आपातकालीन सेवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैंक मैनेजर को पिस्टल दिखाकर बंधक बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

अशोकनगर में बैंक प्रबंधक को पिस्टल की नोक पर धमकाने और बंधक बनाने वाले आरोपी जितेंद्र खुशवाहा को पुलिस ने गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। घटना से शहर में सनसनी फैल गई थी। आरोपी ने फरार होने से पहले उस शाखा प्रबंधक को बंधक बनाया और अधिकारियों के मोबाइल फोन तोड़ दिए थे। फरार हो जाने के बाद आरोपी ने वीडियो जारी कर अपनी बेगुनाही का दावा किया। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार की है। आरोपी जितेंद्र खुशवाहा ने बैंक अधिकारियों से मारपीट की, उनके मोबाइल फोन तोड़ दिए और उस प्रबंधक को बंधक बना लिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उस प्रबंधक को मुक्त कराया, लेकिन आरोपी तब तक फरार हो चुका था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी अजीत सिंगा ने तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने बताया शनिवार कर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने पिस्टल को तालाब विलाई जंगल में छिपाने की बात कबूल की, जिसे पुलिस ने मौके से बरामद कर लिया।

मधुमक्खियों के हमले में 2 बच्चों, एक महिला सहित सात लोग घायल

डीआर संवाददाता ✍ अशोकनगर

शेर के चनौटूला गांव में सोमवार को मधुमक्खियों द्वारा अचानक किए गए हमले में सात लोग घायल हो गए। घायलों में दो बच्चे एवं एक महिला भी शामिल है।

घटना के बाद आसपास एकत्रित ग्रामीणों ने जल्द जोखों की सहायता से सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। की व्यवस्था करवाई गई जहां सभी का इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार सेंट के नीचे मालों में रहने से लगे अचानक दुपहरी मधुमक्खियों ने एक पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों इतनी तादाद में थी कि किसी को वहां से भागने का मौका देने का मौका नहीं मिला। मधुमक्खियों ने सभी को काटे जगह बुरी तरह घायल कर दिया। घायलों में सोमवार उम्र 35 वर्ष, लगभग उम्र 32 वर्ष, कमलेश उम्र 17 वर्ष, सोनाबाई उम्र 45 वर्ष एवं संदीप व बंटी उम्र लगभग 7 एवं 4 वर्ष शामिल हैं।

लगातार बढ़ रहे मधुमक्खियों के हमले

क्षेत्र में मधुमक्खियों द्वारा मानवों पर अचानक हमला किए जाने के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। बीते एक वर्ष के दौरान अलग-अलग स्थानों से मधुमक्खियों द्वारा लोगों को काटने के मामले सामने आ चुके हैं। मुख्य रूप से आसिया, सिरसौद, मोहनखेड़ा क्षेत्र में एक साथ कई अवसरों पर मधुमक्खियों द्वारा एक साथ के अधिक लोगों को घायल करने की घटना हुई थी।

कलेक्टर ने चंदेरी में जागेश्वरी माता के किए दर्शन, कन्या पूजन में हुए शामिल

डीआर संवाददाता ✍ राजगढ़नगर

राजगढ़नगर। कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरुवार को चंदेरी स्थित जागेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस पावन अवसर पर उन्होंने कन्या पूजन में भाग लेते हुए कन्याओं के चरण पखारे और उन्हें भोजन कराया। कलेक्टर ने मंदिर में क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की।

नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए वे स्वयं मंदिर पहुंचे। अष्टमी की दिन होने वाली महाआरती की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कन्या भोज में शामिल होकर उन्होंने कन्याओं को भोजन परोसा और आयोजन समिति की सराहना की।

फोटो कॉपी की दुकान से बनाए जो रहे थे पंचायत के दस्तावेज

डीआर संवाददाता ✍ गुना

मधुमुदनगढ़ में फोटोकॉपी की दुकान पर हुई कार्रवाई में शासकीय सामग्री मिली है। मई फोटोकॉपी के नाम से संचालित दुकान पर शासकीय दस्तावेज तक बना लिए जाते थे। यहां अवैध पर्यटन पंजीयनों की सीटें और अन्य सामग्री अधिकारियों ने जब्त की है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र चाचौड़ा के अंतर्गत आने की ग्राम पंचायत शासकीय सामग्री मिली दुकान पर मिलने की शिकायत एसडीएम अपरीज रवि मालवीय को मिल रही थी। प्रशासन के द्वारा दुकान की निगरानी की गई और शिकायत सही होने पर तहसीलदार श्री प्रदीप सिंह द्वारा अपनी शासन टीम को लेकर दुकान पर छापामार कार्रवाई की।

इसमें कई ग्राम पंचायत की शासकीय महत्वपूर्ण सामग्री दस्तावेज अभ्यास के सामने मिला कई फोटो लॉगिंग की दुकान में पाई गई। प्रशासन ने दुकान को सील कर दिया है। एसडीएम ने बताया कि इस मामले में अब जांच की जाएगी कि दुकान पर इनका दुरुपयोग तो नहीं किया गया। इसके लिए जिले से भी अधिकारी आ सकते हैं।

सूची की मानें तो दुकान पर कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बना दिए जाते थे।

6 सूत्रीय मांगों को लेकर अमरण अनशन पर वीरेंद्र, समर्थन में रोजाना 5 किसान करेंगे भूख हड़ताल

डीआर संवाददाता ✍ पचौर

किसानों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान वीरेंद्र सिंह रेवाली ने आमरण अनशन शुरू कर दिया। वह पांच किसान भूख हड़ताल पर बैठे हैं। अखिल भारतीय किसान संगठन का समर्थन किया जा रहा है। वीरेंद्र सिंह रेवाली ने 20 अगस्त को सिद्ध पीठ गोरखमुखी के दर्शन कर आमरण अनशन कर दिया था।

किसानों द्वारा 17 अगस्त को पचौर में बड़ी सुरक्षाकर रैली निकाल कर अपनी 6 सूत्री मांगों का निराकरण नहीं होने पर 25 से भूख हड़ताल पर बैठने की घोषणा की गई थी। उसके बाद यह आमरण अनशन शुरू हुआ है। आंदोलन में प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर सिंह सोलंकी, जिलाध्यक्ष नवीन सिंह, प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल सिंह, सोलंकी, जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, तहसील अध्यक्ष जाला बना टीकर, मन्नू बाना, किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष भगवान सिंह मामरी, मनु बाना सिंह सोलंकी, जिला महामंत्री गोपाल बना सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। तहसील परिसर में गुरुवार सुबह 11 बजे राम दरबार का पूजन और हनुमान चालीसा का पाठ कर आंदोलन की शुरुआत की गई। इसके बाद सुमनकांत का मार्गदर्शन किया। वीरेंद्र सिंह रेवाली, मन्नू बाना, 3 बजे तहसीलदार आनंद जायसवाल ने धरना स्थल पर पहुंचकर ज्ञापन ली गई। किसान संगठन, कांग्रेस में और करनी सेना ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। आंदोलन में 30 गांवों के 40 किसान आंदोलन में शामिल हुए। प्रेम सिंह यादव, दुर्ग सिंह यादव, मनोज जायसवाल, व अन्य सिंह सोलंकी के साथ अन्य 3 लोग उपस्थित रहे।

सेवा पखवाड़ा संगोष्ठी में आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

मां बिजासन के दर्शन कर 2100 पौधों का सामूहिक रोपण

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

नवरात्रि के पावन अवसर पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र में गुरुवार को एक ऐतिहासिक आयोजन देखा। अवैध सागवान के जंगल, वनपाल एवं सूखा उद्यान समेत एवं सारंगपुर जिले के प्रमुख गढ़ी मोहनपुर मंदिर में मां बिजासन माता (ऐरा बिजासन देवी) मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि, शांति व जनकल्याण की कामना की।

इसके बाद गढ़ी कस्बा में नगर उपवन परिसर में श्री के नाम एक पौधा अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। जनप्रतिनिधियों, भाजपा कार्यकर्ताओं, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में 2100 पौधों का सामूहिक रोपण किया गया। इस अवसर पर मंत्री कन्हैया ने कहा कि स्वच्छता का यह अभियान धार्मिक आस्था से जुड़ा है। पौधारोपण मां बिजासन मंदिर परिसर, आसपास के वनों और सारंगपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। इस दौरान मंत्री चौहान, सांसद, सुरेश मालवीय, जनपद अध्यक्ष जोशी और सांसद रोडमल नागर समेत अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसी दौरान मंत्रज जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर परिसर पौधारोपण प्रयोगशाला का एकजुट मानवाद मॉडल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता को समझने का प्रयास है। आयोजन की व्यवस्थाएं जनप्रतिनिधि महेश नागरी के समन्वय

मंत्रज सरकार विकास के काम में सहयोग हो रही है। वहीं सांसद रोडमल नागर ने कहा कि पहाड़ी कस्बा योजना, अमृतकाल सरोवर और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाएं गरीब, महिला, किसान और नौजवान को नई शक्ति और विकास दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारत का

गर्व है। अपनी आस्थाओं और पूर्वजों अपने संस्कारों और परिवार से जुड़ना सीखना है। इस दिशा में पेड़ की लड़ी है। सरकार इन उपायों को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दे रही है।

विकास योजनाओं पर प्रकाश

सांसद नागरी मोहन टोडाल ने जिले में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, लाड़ली बहना योजना, ई-स्कूटी योजना और गोपालपुरा-बुरहानिया बैग परियोजनाएं किसानों व आमजन के लिए लाभकर साबित हो रही हैं।

संकल्प के साथ समापन

संगोष्ठी का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात कर आत्मनिर्भर समाज और समृद्ध भारत के निर्माण के संकल्प के साथ हुआ। अंत में सभी अतिथियों को मां बिजासन देवी का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर नितीश कुमार पिथा, एसडीएम अमित लोहारी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरनारायण गुर्जर, विधायक मोहन शर्मा, पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी, विधायक अमर सिंह मायन सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

ससुराल से पहली बार मायके लौटी महिला ने घर में लगा ली फांसी

डीआर संवाददाता ✍ ब्यावरा

लखुरिया गुर्जर गांव में एक 22 वर्षीय महिला ने अपने मायके में घर की दालान में फांसी लगा ली। बताया जाता है कि महिला 15 दिन से अपने मायके में रह रही थी। बुधवार को परिजन खेत में खोदाबीज कराने गये गए। इस दौरान महिला ने अपने घर में फांसी लगा ली। महिला के परिजन जब शाम को घर पहुंचे तो वह फंदे पर लटकती मिली।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। तुमसार सुबह सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मेहता थाने के एएसआई गुलाब सिंह यादव ने बताया कि मर्ग कायम किया गया है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।

0 दिन ससुराल में रहने के बाद मायके लौट आई थी। बुधवार आते ही महिला का इलाज चल रहा था। बुधवार को परिवार के सदस्य खेत में खोदाबीज काटने गए हुए थे। इसी दौरान महिला ने घर की दालान में रस्सी से फांसी लगाकर फांसी लगा ली। शाम को जब परिजन घर लौटे तो महिला फंदे पर लटकी पाई थी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया। तुमसार सुबह सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मेहता थाने के एएसआई गुलाब सिंह यादव ने बताया कि मर्ग कायम किया गया है। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की गई है। मौत के कारणों की जांच की जा रही है।